# राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

सी–7(ए) सुल्तान हाउस सवाई जयसिंह हाईवे बनीपार्क जयपुर – 302016
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141- 4004914

क्रमांकः पैरामेडि.कौ / परीक्षा / कन्डक्ट / 2023 / 4578 दिनांक :14.03.2023

## सार्वजनिक सूचना

### पैरामेडिकल डिप्लोमा / डिग्री के पंजीयन हेतु एकबारीय अर्हता परीक्षा–2023

राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल संशोधित विनियम–2023 के विनियम 42 के अन्तर्गत दूरस्थ शिक्षा (Distance Education) के माध्यम से वर्ष 2015 से पूर्व पैरामेडिकल डिप्लोमा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी एवं राजस्थान राज्य के अधिनियम से गठित समस्त निजी विश्वविद्यालयो जिन्होने राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल से मान्यता नहीं ली है उनके द्वारा दो वर्षीय नियमित डिप्लोमा एवं तीन अथवा तीन से अधिक वर्षीय नियमित डिग्री (विनियम 41 में वर्णित टैबल A व B में वर्णित कोर्स जोकि Annexure 1 में अंकित है।) कोर्स में आज दिनांक तक उत्तीर्ण समस्त छात्रो व डिप्लोमा / डिग्री के अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होकर 30 जून 2023 तक उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियो से राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल में पंजीयन हेतु एकबारीय पात्रता परीक्षा के लिये ऑनलाईन (Online) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

**आवश्यक निर्देश :–**

1. प्रत्येक उम्मीदवार केवल एक ही कोर्स के लिये ऑनलाईन आवेदन कर सकता है। यदि किसी उम्मीदवार ने एक से अधिक पैरामेडिकल पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किये है तो भी पंजीयन के लिये एक ही पाठ्यक्रम का चयन कर ऑनलाईन आवेदन करना होगा।
2. प्रत्येक डिग्री / डिप्लोमा कोर्स के पंजीयन हेतु अर्हता परीक्षा पाठ्यक्रम का विवरण बिन्दु संख्या 11 में अंकित है। जिसमें से अभ्यर्थी अपने विषय का चयन कर ऑनलाईन आवेदन करना होगा।
3. यह परीक्षा केवल एक बार आयोजित की जायेगी, भविष्य में अभ्यर्थियो को दुबारा मौका नहीं दिया जायेगा। इसे किसी भी पूर्व दृष्टांत (Precedence) के रूप में नही लिया जायेगा।
4. इस परीक्षा में प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ (objective type) होगा जिसमें प्रश्न बहु विकल्पीय (MCQ) प्रकार के होगें।
5. इस परीक्षा के प्रश्न पत्र में 150 प्रश्न होगें तथा प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। प्रश्न का गलत उत्तर पाये जाने पर नकारात्मक अंकन किया जायेगा। प्रत्येक गलत प्रश्न पर 1/3 अंक की कटौती की जायेगी।
6. इस परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्णाक 50 प्रतिशत है। अभ्यर्थियो द्वारा 50 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर ही पंजीयन हेतु अर्हक माना जायेगा।
7. पैरामेडिकल डिप्लोमा / डिग्री के पंजीयन हेतु एकबारीय अर्हता परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र अंग्रेजी माध्यम में होगा।
8. परीक्षा की अवधि 02 घंटे होगी।

**1. आवेदन प्रक्रियाः–** आवेदन Online Application Form में लिये जाएंगे **जिन्हे राज्य के निर्धारित ई–मित्र कियोस्क / जन सुविधा केन्द्र के माध्यम से और साथ ही उम्मीदवारो द्वारा स्वयं साइट पर लॉग इन करके और इस सार्वजनिक सूचना में उल्लेखित प्रक्रिया का पालन करके भरा जा सकता है।** आवेदक को सबसे पहले राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल की वैबसाईट https://rajasthanparamedicalcouncil.org पर जाऐ और उपशीर्षक परीक्षा के लिए आवेदन करने के लिंक पर क्लिक करें। Apply Online पर क्लिक करने पर संबंधित पेज खुलेगा जिसमें अभ्यर्थी / ई–मित्र कियोस्क / जन सुविधा केन्द्र संचालक अभ्यर्थी का ऑनलाईन आवेदन भर सकता है। उसके उपरान्त अभ्यर्थी को निम्नांनुसार कार्यवाही की जानी है :–

स्टेप –1 फिल एप्लिकेशन फॉर्म पर क्लिक करें।
स्टेप –2 मूल विवरण जैसे नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि इत्यादि भरे।
स्टेप –3 फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करें।
स्टेप –4 विस्तृत फॉर्म भरें
स्टेप –5 ऑनलाईन भुगतान करें।
स्टेप –6 भुगतान के बाद, एक भुगतान चालान उत्पन्न होगा।
स्टेप –7 भरे हुए आवेदन पत्र को डाउनलोड करने के लिए प्रिंट / री–प्रिंट परीक्षा फॉर्म पर क्लिक करे।

आवेदक आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरने के बाद Application preview Page खोल कर अभ्यर्थी को उसका भरा हुआ आवेदन दिखायेगा। अभ्यर्थी स्वयं अपने भरे हुए आवेदन की पुनः गहनता से जांच करेगा। यदि आवेदन में कोई त्रुटि रह जाती है तो आवेदक से परामर्श कर त्रुटियों को दूर करेगा। त्रुटियो को सुधारने के बाद आवेदक को पुनः उसके आवेदन का Preview दिखाकर यह सुनिश्चित करेगा कि आवेदन पत्र में भरी गई समस्त प्रविष्टियां पूर्ण रूप से सही है। सही–सही आवेदन भरने के बाद Submit पर Click करेगा।

आवेदन भरने के बाद अभ्यर्थी भरे हुए आवेदन की हार्ड कॉपी मय रसीद आवश्यक रूप से प्राप्त करें आवेदन को Submit करने मात्र से आवेदन भरा हुआ नहीं माना जावेगा। आवेदन Submit करने के बाद फीस जमा होने पर ही ऑनलाईन आवेदन भरा हुआ माना जायेगा। आवेदन Submit करने एवं फीस जमा करने के बाद भी यदि आवेदन पर Transaction Failed आ रहा है तो आवेदन भरा हुआ नहीं माना जावेगा। ऐसी स्थिति में कौंसिल की हेल्पलाईन ई–मेल आईडी onetimeexam.rpmc@gmail.com पर सम्पर्क करें।

आवेदन की रसीद अभ्यर्थी को कौंसिल की वैबसाईट के माध्यम से प्राप्त होगी । हाथ से भरे आवेदन–पत्र किसी भी रूप से कौंसिल द्वारा स्वीकार नहीं किये जावेंगे। उम्मीदवार परिषद की वैबसाईट से चालान रसीद का पुर्नमुद्रण भी कर सकते है।

**नोट :–**

I. आवेदक अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र अंतिम रूप से भरने से पूर्व उसकी प्रविष्टियों से आश्वस्त हो लें कि सभी प्रविष्टियां सही–सही भरी गई है। आवेदक द्वारा आवेदन में भरी गई प्रविष्टियों को ही सही मानकर आगे की कार्यवाही की जावेगी। आवेदक आवेदन पत्र को ध्यानपूर्वक भरें। एक बार आवेदन भरने के बाद उसमें रही किसी भी प्रकार की त्रुटि को संशोधित करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

II. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरने के उपरान्त रसीद आवश्यक रूप से प्राप्त कर लें।

III. आवेदक यह ध्यान दें कि ऑनलाईन आवेदन के उपरान्त उन्हें आवेदन–पत्र कमांक आवश्यक रूप से उपलब्ध होगा और यदि आवेदन–पत्र कमांक (एप्लीकेशन आई.डी.) अंकित या प्राप्त नहीं हुआ है, तो इसका अर्थ यह है कि उसका आवेदन–पत्र जमा नहीं हुआ है। आवेदक आवेदन प्रपत्र के **preview** को आवेदन **submit** न मानें।

IV. कृपया ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने से पूर्व राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल की बेवसाइट पर उपलब्ध इस विज्ञप्ति एवं अभ्यर्थियों के लिये आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा–निर्देशों का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लें। इस विज्ञप्ति एवं उक्त दिशा–निर्देशों को ध्यान में रखकर ही ऑनलाइन आवेदन भरें।

V. आवेदक अपने स्वयं का ही मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई.डी. दर्ज करें तथा इसे नहीं बदलें। महत्वपूर्ण सूचनाऐं आवेदन में दर्ज मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई.डी. पर ही भेजी जाती है।

**2. परीक्षा शुल्क** :– आवेदक द्वारा परीक्षा शुल्क के रूप में प्रति अभ्यर्थी प्रति आवेदन रूपये 3,000/– रूपये ऑनलाईन भुगतान आवेदन पत्र के साथ जमा करवानी होगी। ऑनलाईन आवेदन पत्र के साथ निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान डेबिट या केडिट कार्ड /इंटरनेट बैंकिग के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा।

**3. परीक्षा शुल्क जमा कराने एवं ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अवधि :–** ऑनलाईन आवेदन पत्र राज्य के निर्धारित ई–मित्र कियोस्क, जन सुविधा केन्द्र (C.S.C.), नेट बैकिंग, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड एवं क्रेडिट कार्ड के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा करवाकर दिनांक 20.03.2023 से दिनांक 31.03.2023 को 23.59 बजे तक कौंसिल की वेबसाईट https://rajasthanparamedicalcouncil.org पर भरे जा सकते है (इसके उपरांत लिंक निष्क्रिय हो जाएगा)। ऑनलाईन आवेदन करने की प्रकिया ऊपर बिन्दू संख्या 1 में वर्णित है। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम दिनांक का इन्तजार किए बिना समय सीमा के भीतर ऑनलाईन आवेदन करे।

**4. एकबारीय अर्हता परीक्षा हेतु पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता :–**

I. राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल संशोधित विनियम–2023 के विनियम 42 के अन्तर्गत अभ्यर्थी को राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है।

II. अभ्यर्थी को बारहवी की परीक्षा English, Physics, Chemistry, Biology, or Mathematics विषयो सहित उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

III. (a) राजस्थान राज्य के अधिनियम से गठित समस्त निजी विश्वविद्यालयो जिन्होने राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल से मान्यता नहीं ली है उनके द्वारा दो वर्षीय नियमित डिप्लोमा एवं तीन अथवा तीन से अधिक वर्षीय नियमित डिग्री (विनियम 41 में वर्णित टैबल A व B में वर्णित कोर्स जोकि Annexure 1 में अंकित है।) कोर्स में आज दिनांक तक उत्तीर्ण समस्त अभ्यर्थी।

OR

(b) राजस्थान राज्य के अधिनियम से गठित समस्त निजी विश्वविद्यालयो जिन्होने राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल से मान्यता नहीं ली है उनके द्वारा दो वर्षीय नियमित डिप्लोमा एवं तीन अथवा तीन से अधिक वर्षीय नियमित डिग्री (विनियम 41 में वर्णित टैबल A व B में वर्णित कोर्स जोकि Annexure 1 में अंकित है।) कोर्स में समस्त अभ्यर्थी जो डिप्लोमा/डिग्री के अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित होकर 30 जून 2023 तक उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थी।

OR

(c) राजस्थान राज्य के अधिनियम से गठित समस्त विश्वविद्यालयो एवं केन्द्र सरकार से अनुमत एनआईओएस संस्थान दूरस्थ शिक्षा (Distance Education) के माध्यम से वर्ष 2015 से पूर्व पैरामेडिकल डिप्लोमा उत्तीर्ण करने वाले समस्त अभ्यर्थी। अभ्यर्थियो को वर्ष 2015 से पूर्व दो वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।

**नोट :– उक्त बिन्दु संख्या III (b) के अंतर्गत 30 जून 2023 तक उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थीयो को अपनी अंकतालिका दिनांक 15.07.2023 तक परीक्षा नियंत्रक राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल को प्रस्तुत करनी होगी। इसके उपरान्त ही उक्त श्रेणी के अभ्यर्थीयो का परीक्षा परीणाम घोषित किया जायेगा।**

**5. आयुः–** आवेदक की पैरामेडिकल डिप्लोमा/डिग्री में प्रवेश के समय न्यूनतम आयु 17 वर्ष होना आवश्यक है।

**6. प्रवेश पत्र :–** राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल द्वारा समस्त अभ्यर्थियों को कौंसिल की वेबसाईट के माध्यम से ही आनॅलाईन प्रवेश–पत्र जारी किये जाएंगे। कौंसिल द्वारा डाक से कोई भी प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा। कौंसिल की वेबसाईट पर प्रवेश–पत्र जारी किये जाने की सूचना राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल की वेबसाईट के माध्यम से जारी की जाएगी। आवेदक अपना प्रवेश–पत्र वेबसाईट से प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र कमांक एवं चालना रसीद टोकन नम्बर ध्यान मे रखे। उपलब्ध संसाधनों एवं सुविधा के आधार पर प्रवेश–पत्र सम्बन्धी सूचना आवेदक के ई–मेल आईडी (E-mail ID) एवं मोबाइल नम्बर पर भेजी जा सकती है।

**7. परीक्षा का माह एवं दिनांक :–** राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल द्वारा पंजीयन हेतु एकबारीय अर्हता परीक्षा 23.04.2023 को आवंटित परीक्षा केन्द्रो पर करवाई जायेगी। इस संबंध में विस्तृत सूचना कौंसिल की वेबसाईट एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अलग से दे दी जायेगी। कौंसिल के पास परीक्षा की दिनांक एवं स्थान में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है।

## 8. आवेदन कैसे करे :–

आवेदक को राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल की वैबसाईट https://rajasthanparamedicalcouncil.org पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करना होगा। जिसके दौरान निम्नांकित बिन्दुओ पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है :–

1. आवेदकों को हिदायत दी जाती है कि ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से पूर्व राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल के विज्ञापन में जारी निर्देशों का अध्ययन कर लें।
2. ऑनलाईन आवेदन पत्र अन्तिम दिनांक तक ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदक आवेदन पत्र भरने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वह विज्ञापन के नियमानुसार पात्रता की समस्त शर्तें पूरी करता है एवं परीक्षा के सम्बन्ध में चाही आवश्यक समस्त सूचनाएं संबंधित कॉलम में सही–सही एवं पूर्ण भरी गई है। समस्त प्रविष्टिया पूर्ण एवं सही नहीं होने की स्थिति में कौंसिल द्वारा आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिया जाएगा अथवा ऑनलाईन आवेदन पत्र में भरी गई सूचना को ही सही मानते हुये परीक्षा में अस्थाई प्रवेश दिया जाएगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की होगी।
3. राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में भरी गई सूचनाओं के आधार पर ही अभ्यर्थियों की पात्रता (मूल निवास, डिग्री/डिप्लोमा की योग्यता, श्रेणी, विश्वविद्यालय आदि) की जांच की जाएगी। यदि आवेदक द्वारा भरी गई सूचना के आधार पर वह अपात्र पाया जाता है तो उसका ऑनलाईन आवेदक पत्र अस्वीकृत कर दिया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी। ऑनलाईन आवेदन पत्र में की गई प्रविष्टियों में संशोधन की अवधि समाप्त होने के बाद में किसी भी प्रकार के परिवर्तन की अनुमति नही दी जाएगी और ना ही इस सम्बन्ध में कोई प्रार्थना पत्र कौंसिल द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
4. आवेदक जिनके ऑनलाईन आवेदन पत्र अन्तिम दिनांक तक कौंसिल कार्यालय को पूर्ण सूचना सहित प्राप्त होगें, ऐसे आवेदकों को कौंसिल द्वारा अनन्तिम (Provisional) रूप से प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा के लिये प्रवेश–पत्र जारी करने का यह अभिप्राय नहीं है कि कौंसिल द्वारा उसकी परीक्षा हेतु उम्मीदवारी अन्तिम रूप से सही मान ली गई है अथवा उम्मीदवार द्वारा आवेदन–पत्र में की गयी प्रविष्टयाँ कौंसिल द्वारा सही मान ली गई है। कौंसिल द्वारा परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदकों की पंजीयन हेतु पात्रता की जाँच अलग से की जायेगी।

प्रार्थी द्वारा गलत सूचना दिये जाने पर परीक्षा हेतु उसकी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर रद्द की जा सकती है जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी तथा उनकी फीस भी रिफण्ड नहीं होगी।

5.फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्कैन और अपलोड करने के लिए दिशा–निर्देश

फोटो अपलोड़ करने के लिए दिशा–निर्देश :–

a. फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं होने पर आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।
b. आवेदक को नवीनतम रंगीन फोटो (अधिकतम छः माह पुराना) अपलोड़ करनी चाहिए। मोबाईल व अन्य स्वयं रचित फोटो का उपयोग नही करें।
c. फोटो की पृष्ठभूमि ( Background ) सफेद या हल्के रंग की होनी चाहिए।
d. फोटो में आवेदक का चेहरा कम से कम 50 प्रतिशत जगह घेरना चाहिए।
e. फोटो में आवेदक का चेहरा एवं सिर किसी भी कपड़े, छाया, बालों द्वारा ढ़का हुआ नहीं होना चाहिए। आवेदक का सिर, आंख, नाक और ठोड़ी स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।
f. यदि आप चश्मा पहनते है, तो फोटो खिंचवाते समय चश्मा पहन सकते हैं लेकिन चश्में पर चमक (Flash) नहीं होनी चाहिए।
g. आवेदक की फोटो में काला या धूप का चश्मा नहीं होना चाहिए।
h. फोटो जेपीईजी/जेपीजी (JPEG/JPG) प्रारूप में होना चाहिए एवं इसकी साईज 3.5 cm × 4.5 cm होनी चाहिए।
i. फोटो जेपीईजी/जेपीजी (JPEG/JPG) के पिक्सेल न्यूनतम 240 × 320 एवं अधिकतम 480 × 640 (0.3 मेगापिक्सल) होना चाहिए।
j. फाईल का आकार 50 के.बी. से 100 के.बी. तक होना चाहिए।
k. स्कैन की गई फोटो का आकार 100 के.बी. से ज्यादा नहीं होना चाहिए।
l. परीक्षा के समय प्रवेश पत्र/उपस्थिति पत्र पर लगी फोटो आवेदक से मेल खानी चाहिए अन्यथा उम्मीदवार अयोग्य ठहराया जा सकता है।

6. हस्ताक्षर अपलोड़ करने के लिए दिशा–निर्देश :–

a. आवेदक एक सफेद कागज (A4 size) पर 7 सेमी चौडाई एवं 2 सेमी ऊँचाई के एक आयताकार बॉक्स के भीतर काले या गहरे नीले रंग के पेन से हस्ताक्षर करें।
b. हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा किया जाना चाहिए अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा हस्ताक्षर मान्य नहीं होगा।
c. आयताकार बॉक्स में हस्ताक्षर करने के बाद इमेज को स्केन करवाकर आयताकार बॉक्स तक क्रॉप करने के पश्चात् अपलोड करें।
d. परीक्षा के समय प्रवेश पत्र/उपस्थिति पत्र पर किये गयेआवेदक के हस्ताक्षर अपलोड़ हस्ताक्षर से मेल खाने चाहिए अन्यथा उम्मीदवार अयोग्य ठहराया जा सकता है।
e. केवल जेपीईजी/जेपीजी (JPEG/JPG) प्रारूप को स्वीकार किया जाएगा।
f. जेपीईजी/जेपीजी (JPEG/JPG) के लिए न्यूनतम पिक्सेल 280 × 80 से अधिकतम पिक्सेल 560 × 160 होना चाहिए।
g. फाईल का आकार 20 के.बी. से 50 के.बी. तक होना चाहिए।
h. हस्ताक्षर का आकार 50 के.बी. से ज्यादा नहीं होना चाहिए।
i. मोबाईल फोन का उपयोग कर लिया गया हस्ताक्षर का फोटोग्राफ स्वीकार नहीं किया जायेगा।

## विशेष टिप्पणी :–

1. प्रश्न पत्र की उत्तर कुंजी (Answer Key) कौंसिल की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने के उपरान्त आपत्तियां 3 दिवस तक प्रस्तुत की जा सकेगी। प्रत्येक आपत्ति के लिये परीक्षार्थी को निर्धारित अवधि में शुल्क 1000/– रू (आपत्ति के प्रमाण सहित) कौंसिल कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य है। बिना शुल्क एवं निर्धारित अवधि के पश्चात आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. परीक्षा देने के लिये आते व जाते समय अभ्यर्थी रेल/बस की छतों एवं पायदानो पर यात्रा नहीं करें। यह भी ध्यान रखें कि बस स्टैण्ड/रेल्वे स्टेशन और रास्तों में तोडफोड, लूटपाट, हुडदंग, पत्थरबाजी, आगजनी एवं महिलाओं के साथ छेड़खानी आदि न करें तथा अनुशासन बनाऐ रखें।
3. कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष/परिसर में मोबाइल फोन, पर्स इत्यादि लेकर नहीं आए। परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा में परीक्षा उपयोग के लिए नीली स्याही का पारदर्शी बालपेन, 2.5×2.5 से.मी. का एक फोटो, एक फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र, ई–प्रवेश पत्र ही कक्ष में ले जा सकते है। यदि परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष/परिसर में मोबाइल व अन्य प्रतिबंधित वस्तुएं साथ लाता है तो उन्हें जब्त किया जा सकता है तथा उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी परीक्षा केन्द्राधीक्षक/संचालक व राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल की नहीं होगी।
4. जिस परिसर के भीतर परीक्षा आयोजित की जा रही है, वहा मोबाइल फोन, पेजर्स, ब्लूटूथ या अन्य कोई संचार यंत्र रखने की अनुमति नही है। इन अनुदेशो का उल्लंघन किए जाने पर सम्बन्धित आवेदक के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी, जिसमें आवेदक की परीक्षा निरस्त किया जाना भी सम्मलित है।
5. परीक्षार्थी को ई–प्रवेश पत्र पर उल्लेखित विस्तृत दिशा–निर्देशो की पालना सुनिश्चित् करनी होगी।

**9. श्रुत लेखन की सुविधा** :– सामान्यतयाः सभी परीक्षार्थियों को प्रश्न–उत्तर स्वयं अपने हाथ से लिखने होंगे, केवल राजस्थान दिव्यांगजन अधिकार नियम, 2018 में वर्णित ऐसे विशेष योग्यजन (नेत्रहीन (Blind) सूर्यमुखी एवं अल्प दृष्टि न्यूनतम 40 प्रतिशत दृष्टिनिःशक्तता) या शारीरिक रूप से निःशक्त (जो बांह कटे होने या उंगलियां नहीं होने के कारण लिखने में असमर्थ है, को परीक्षा में श्रुतलेखक उपलब्ध करायें जायेंगें, परन्तु अचानक दुर्घटनावश लेखन कार्य से अस्थाई रूप से असमर्थ हुए अभ्यर्थियों को यह सुविधा देय नहीं होगी। श्रुतलेखक उपलब्ध कराने हेतु ऐसे परीक्षार्थी प्रवेश पत्र प्राप्त होते ही वांछित चिकित्सा प्रमाण पत्र सहित कौंसिल को सूचित करें एवं परीक्षा प्रारम्भ होने के कम से कम तीन दिन पूर्व परीक्षा नियंत्रक राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल के समक्ष उपस्थित होकर वांछित चिकित्सा प्रमाण पत्र सहित श्रुतलेखक की व्यवस्था हेतु अनुरोध करें और प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित एक प्रतिकेन्द्राधीक्षक को भी दी जायेगी।

**10. ऑनलाईन आवेदन में संशोधन की प्रकिया** :– कौंसिल द्वारा ऑनलाईन आवेदन में संशोधन हेतु कोई ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऑनलाईन आवेदन में संशोधन की प्रकिया निम्नानुसार होगी :–

1. यदि कोई अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में संशोधन कराना चाहता है तो आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक के पश्चात् 03 दिवस के भीतर निर्धारित शुल्क 1000/– रूपये देकर ऑनलाईन आवेदन में संशोधन कर सकता है।
2. इसके पश्चात् ऑनलाईन आवेदन में किसी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा ऐसी किसी भी त्रुटि का सम्पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

## 11. परीक्षा पाठ्यक्रम

पैरामेडिकल कौंसिल में पंजीयन हेतु एकबारीय अर्हता परीक्षा निम्नलिखित पाठ्यक्रमों (कोर्सेज) की अयोजित की जावेगी। अतः आवेदक निम्नांकित पाठ्यक्रमो में से स्वयं से संबधित किसी एक पाठ्यक्रम (कोर्स) को चयनित कर आवेदन पत्र में सूचना अंकित करना सुनिशिचित करे।

एकबारीय अर्हता परीक्षा में डिप्लोमा/डिग्री उत्तीर्ण अभ्यर्थियो हेतु प्रश्न–पत्र डिप्लोमा स्तर के होगें। विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (कोर्सेज) का विवरण निम्नांनुसार है :–

| क. स. | पैरामेडिकल पाठ्यक्रम (कोर्स) |
|---|---|
| 1 | Medical Laboratory Technology |
| 2 | Radiation Technology |
| 3 | Cardio Instrument Technician |
| 4 | Operation Theatre Technology |
| 5 | Dialysis Technology |
| 6 | Orthopedic Technology |
| 7 | ECG Technology |
| 8 | Blood Bank Technology |
| 9 | Endoscopy Technology |
| 10 | EEG Technology |
| 11 | Cath Lab Technology |
| 12 | Emergency & Trauma Care Technology |
| 13 | Opthalmic Technology |

| | |
|---|---|
| 14 | Perfusion Technology |
| 15 | Transfusion Medicine Technology |
| 16 | Intensive Care Technology |
| 17 | Radiotherapy Technology |

12. <u>कौंसिल की वेबसाइटः—</u> अभ्यर्थी कौंसिल की वेबसाइट https://rajasthanparamedicalcouncil.org को समय समय पर निरन्तर देखते रहें इस पर कौंसिल द्वारा परीक्षा के संबंध में अन्य नवीनतम जानकारी से अवगत करवाया जायेगा।

(कैलाश नारायण मीना)
R.A.S.
रजिस्ट्रार

**क्रमांकः पैरामेडि.कौं / परीक्षा / कन्डक्ट / 2023 / 4578** **दिनांक :14.03.2023**

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—**

1. श्रीमान शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग शासन सचिवालय जयपुर।
2. संयुक्त शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (ग्रुप—3) विभाग शासन सचिवालय जयपुर।
3. अध्यक्ष / उपाध्यक्ष राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
4. परीक्षा नियंत्रक (नोडल अधिकारी) राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
5. प्रभारी सर्वर रूम को भेजकर लेख है कि उक्त सूचना को आज ही कौंसिल की वैबसाईट पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करावे।
6. समस्त रजिस्ट्रार / डीन, राजस्थान राज्य के अधिनियम से गठित समस्त विश्वविद्यालय राजस्थान।
7. क्षेत्रिय निदेशक National Institute of Open Schooling ''श्री कृष्णम'' 5—6 पदमावति कॉलोनी—1 नियर मानसरोवर मेट्रो स्टेशन किंग्स रोड निर्माण नगर जयपुर।
8. लेखा शाखा / मान्यता / पंजीयन / परीक्षा / विधि / संस्थापन शाखा राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
9. रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार

**TABLE - A**

| S. No. | Name of Course | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | Diploma in Medical Laboratory Technology | 2 Years | 10 + 2 (Science subject) |
| 2. | Diploma in Radiation Technology | 2 Years | 10 + 2 (Science subject) |
| 3. | Diploma in Cardio Instrument Technician | 2 years | 10 + 2 (Science subject) |
| 4. | Diploma in Operation Theater Technology | 2 Years | 10 + 2 (Science subject) |
| 5. | Diploma in Dialysis Technology | 2 Years | 10 + 2 (Science subject) |
| 6. | Diploma in Orthopedic Technology | 2 Years | 10 + 2 (Science subject) |
| 7. | Diploma in ECG Technology | 2 Years | 10 + 2 (Science subject) |
| 8. | Diploma in Blood Bank Technology | 2 Years | 10 + 2 (Science subject) |
| 9. | Diploma in Endoscopy Technology | 2 Years | 10 + 2 (Science subject) |
| 10. | Diploma in EEG Technology | 2 Years | 10 + 2 (Science subject) |
| 11. | Diploma in Cath Lab Technology | 2 Years | 10 + 2 (Science subject) |
| 12. | Diploma in Emergency and Trauma Care Technology | 2 Years | 10 + 2 (Science subject) |
| 13. | Diploma in Ophthalmic Technology | 2 Years | 10 + 2 (Science subject) |
| 14. | Diploma in Perfusion Technology | 2 Years | 10 + 2 (Science subject) |

रजिस्ट्रार
राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल,
जयपुर

## TABLE - B

| S. No. | Name of Course | Duration | Eligibility |
|---|---|---|---|
| 1. | Bachelor in Medical Laboratory Technology | 3 Years + 1 Year Internship | 10 + 2 (Science subject) |
| 2. | Bachelor in Radiation Technology | 3 Years + 1 Year Internship | 10 + 2 (Science subject) |
| 3. | Bachelor in Operation Theater Technology | 3 Years + 1 Year Internship | 10 + 2 (Science subject) |
| 4. | Bachelor in Orthopaedic Technology | 3 Years + 1 Year Internship | 10 + 2 (Science subject) |
| 5. | Bachelor in ECG Technology | 3 Years + 1 Year Internship | 10 + 2 (Science subject) |
| 6. | Bachelor in Transfusion Medicine Technology | 3 Years + 1 Year Internship | 10 + 2 (Science subject) |
| 7. | Bachelor in Endoscopy Technology | 3 Years + 1 Year Internship | 10 + 2 (Science subject) |
| 8. | Bachelor in EEG Technology | 3 Years + 1 Year Internship | 10 + 2 (Science subject) |
| 9. | Bachelor in Cath Lab Technology | 3 Years + 1 Year Internship | 10 + 2 (Science subject) |
| 10. | Bachelor in Emergency and Trauma Care Technology | 3 Years + 1 Year Internship | 10 + 2 (Science subject) |
| 11. | Bachelor in Ophthalmic Technology | 3 Years + 1 Year Internship | 10 + 2 (Science subject) |
| 12. | Bachelor in Dialysis Technology | 3 Years + 1 Year Internship | 10 + 2 (Science subject) |
| 13. | Bachelor in Cardiac Perfusion Technology | 3 Years + 1 Year Internship | 10 + 2 (Science Subject) |
| 14. | B.Sc in Intensive Care Technology | 3 Years + 1 Year Internship | 10 + 2 (Science Subject) |
| 15. | B.Sc in Radiotherapy | 3 Years + 1 Year Internship | 10 + 2 (Science Subject) |

रजिस्ट्रार
राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल,
जयपुर